an>

Title: Need to make available life saving drugs at low price.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि गरीबों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के लिए पूरे देश में तीन हजार जन-औषध वितरण हमारी वर्तमान केन्द्र सरकार ने खोलने का निर्णय लिया है, इससे आभास होता है कि हमारी सरकार गरीबों को सस्ती एवं सुलभ दवा उपलब्ध कराने के लिए कितनी गम्भीर है। साथ ही साथ मैं अपनी सरकार को इस बात के लिए भी बधाई दूंगा कि आठ सौ ऐसी दवाओं को दवा नियंत्रण मूल्य के तहत निर्धारित करने का कार्य किया है, जिससे गरीबों को आसानी से सस्ती दवा उपलब्ध हो सके। लेकिन मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि जो आठ सौ दवाइयों को दवा नियंत्रण मूल्य के दायरे में लाया गया है, उस पर विशेष निगरानी समिति बनाकर गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर, एचआईवी और हृदय रोग से संबंधित जो दवाइयां हैं, वह गरीबों को सस्ती और सुलभ मिल सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Dr. Manoj Rajoria, and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Shri Sharad Tripathi.